कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-08.04.2024

विषयः- थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा 550 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त रामजी गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त रामजी पुत्र स्व0 लालता प्रसाद निवासी पंचकोशी सलारपुर थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-07.04.2024 को समय करीब 18.20 बजे संकट हरण हनुमान मंदिर के पास थाना कैण्ट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 550 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-130/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि नाजायज गांजा इधर-उधर बेचकर अपने घर का खर्चा चलाता हूँ। आप लोगों को देखकर भागने का प्रयास किया किन्तु आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रामजी पुत्र स्व0 लालता प्रसाद निवासी पंचकोशी सलारपुर थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 48 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

कुल 550 ग्राम नाजायज गांजा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 जमुना प्रसाद तिवारी थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 शिवाकान्त मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अमित कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।